Logging and Timber Grading Skill Upgradation विषय पर दिनांक 18-19 सितम्बर, 2024 को दो दिवसीय द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में ''Logging and Timber Grading Skill Upgradation'' विषय पर दिनांक 18–19 सितम्बर, 2024 को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन) म.प्र. द्वारा प्रायोजित किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दक्षिण पन्ना सामान्य, उत्तर पन्ना सामान्य, जबलपुर सामान्य, दक्षिण शहडोल सामान्य, सिवनी उत्पादन, हरदा उत्पादन, खण्डवा उत्पादन, खरगौन सामान्य, पूर्व मंडला सामान्य, अनूपपुर, उमरिया, प.मण्डला, सतना (सामान्य), मंडला उत्पादन, सीधी, भोपाल, इंदौर, नरसिंहपुर, उत्तर सागर, ग्वालियर वनमण्डल के वनक्षेत्रपाल, उप वनक्षेत्रपाल, वनपाल तथा वनरक्षक स्तर के 58 अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस में तकनीकी सत्र में काष्ठ विदोहन योजना, पातन, लॉगिंग, परिवहन, काष्ठगार प्रबंधन, व्यापारिक श्रेणी के काष्ठ का वर्गीकरण, दोहन में लगने वाले विभिन्न अभिलेखों की जानकारी विभिन्न विषय विशेषज्ञों के द्वारा व्याख्यानों के माध्यम से प्रदाय की गई। प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के विषय से संबंधित पाठ्य सामग्री प्रदाय की गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में सिवनी उत्पादन वनमण्डल के चिहिन्त कूप वन क्षेत्र में प्रशिक्षणार्थियों के समक्ष पातन तथा लॉगिंग का प्रायोगिक प्रदर्शन तथा धूमा काष्ठागार में विभिन्न ग्रेडिंग प्रक्रिया की जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदाय की गई।

प्रायोगिक प्रदर्शन उपरांत प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रशिक्षण विषय से संबंधित उनकी जिज्ञासाओं का समाधान प्रशिक्षण के विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में विभिन्न उत्पादन वनमण्डल से आये प्रशिक्षणार्थियों द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपने अनुभवों को साझा किया गया तथा प्रशिक्षण के मूल्यांकन प्रपत्र में जानकारी प्रदाय की गई। प्रशिक्षण के अंत में प्रशिक्षण के सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण में सफलतापूर्वक भाग लेने का प्रमाण पत्र उपस्थित अतिथियों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा वितरित किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को राज्य वन अनुसंधान संस्थान के संचालक श्री प्रदीप वासुदेवा एवं श्री रवीन्द्र मणि त्रिपाठी, उप संचालक एवं कार्यालय प्रमुख के मार्गदर्शन में संस्थान के वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी डॉ. सचिन दीक्षित, डॉ. अवधेश शर्मा, श्री एस.एस. रघुवंशी एवं श्री अमित पाण्डेय द्वारा सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के विषय विशेषज्ञ के रूप में श्री एस. के. एस. तिवारी, सेवानिवृत्त वन संरक्षक, भोपाल एवं श्री एन. एस. बघेल, सेवानिवृत्त, मंडल प्रबंधक, म.प्र. राज्य वन विकास निगम, सिवनी उपस्थित थे।

TRAINING
ON
LOGGING AND TIMBER GRADING
SKILL UP-GRADATION
Sponsored by
Principal Chief Conservator of Forests
(Production)
Madhya Pradesh, Bhopal
Organized by
Director
State Forest Research Institute
Polipathar, Jabalpur (M.P.)
September 2024